# गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश के लिए बड़ी सौगात : नंदी

मेरठ। उप्र सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन विभाग के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि उप्र की जनता के लिए गंगा एक्सप्रेसवे बड़ी सौगात है। पूरे देश में बन रहे एक्सप्रेसवों का 50 प्रतिशत हिस्सा उप्र में बन रहा है। अब देश में नौ हवाई अड्डे बनकर संचालित हो चुके हैं और 12 पर काम चल रहा है। शीघ्र ही उप्र 16 डोमेस्टिक और पांच इंटरनेशनल हवाई अड्डे वाला राज्य होगा।

यह बात उन्होंने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे के निरीक्षण और समीक्षा बैठक करने के उपरांत अटौला में मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि देश और उप्र उन्नति कर रहा है। नौ साल में भारत को दुनिया में अलग सम्मान मिला है। 2017 से 2022 तक उप्र उत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर हुआ है। उन्होंने बसपा सरकार के कार्यकाल पर



गंगा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण करते मंत्री नंद गोपाल नंदी । संवाद

तंज कसते हुए कहा कि सपा और बसपा की सरकारों में जेवर एयरपोर्ट केवल चुनावी झुनझुना था। अब हमारी सरकार उसपर काम कर रही है। प्रदेश में देश की सबसे बड़ी समिट हुई। जिसमें उप्र के विकास को पंख लगे हैं। उप्र से गुंडा राज खत्म हो रहा है। यही कारण है कि अब उप्र में उद्योगपति अपने उद्योग लगाने को आगे आ रहे हैं। उप्र में अपराधी भयभीत हैं। ब्यूरो